दिनांकः 12.12.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं–70 प्रतिशत वायदे पूरा करने का दावा कियां
- राज्य सरकार ने 333 स्टार्टअप्स को 10 करोड़ 79 लाख रुपये की फंडिंग वितरित कीं
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए 11 हजार 718 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दीं
- देश में पिछले दस सालों में फसल उत्पादन में 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रदेश की दिशा और दशा बदलने के लिए ठोस शुरूआत की हैं श्री शर्मा ने आज जयपुर में संवाददाता सम्मेलन में अपनी सरकार के दो साल के कार्यवाल की उलब्धियों के बारे में विस्तार से बतायां मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर खरा उतरने का हर प्रयास कर रही हैं उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में हर क्षेत्र में काम हुए हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा की ओर से जारी संकल्प पत्र में 392 वादे किये गये थे, जिनमें से 70 फीसदी वादे या तो पूरे हो चुके या उन पर काम हो रहा हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की कई योजनाओं में राजस्थान पहले और दूसरे स्थान पर चल रहा हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपरलीक और भ्रष्टाचार पर सरकार ने प्रभावी कार्रवाई की हैं उन्होंने भ्रष्टाचार में संलिप्त रहे लोगों को चेतावनी दी कि उन्हें बख्शा नहीं जायेगां उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित करना सरकार की प्राथमिकता हैं

...............

मुख्यमंत्री ने पिछले दो साल में राज्य की आधारभूत संरचना तथा निवेश और उद्योग को बढावा देने के लिए किये गये कामों की भी विस्तार से जानकारी दीं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी केन्द्र समर्थित योजनाओं में उल्लेखनीय काम हुआ हैं

इस बीच, कांग्रेस ने राज्य की भजनलाल सरकार के दो साल के कार्यकाल को विफल बताया हैं विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार युवाओं को नौकरी देना अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानती है, लेकिन अब तक जिन युवाओं को नौकरी मिली, उनकी वैकेंसी पिछली सरकार ने ही निकाली थीं उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था और सरकार की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं हैं

...............

000

राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर जयपुर में नवाचार दिवस–स्टार्टअप कॉन्क्लेव आयोजित किया गयां इसमें 333 चयनित स्टार्टअप्स को 10 करोड़ 79 लाख रुपये की फंडिंग वितरित कीं मुख्यमंत्री ने कहा कि नवाचार ही अर्थव्यवस्था और समाज के विकास का इंजन है, और सरकार युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं उन्होंने इस बात पर विशेष ज़ोर दिया कि राजस्थान तकनीकी प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है, जहां आईस्टार्ट पर 7 हजार 200 से अधिक स्टार्टअप्स पंजीकृत हैं और इनमें से 2 हजार 600 से अधिक का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं इस अवसर पर, मुख्यमंत्री ने आगामी राजस्थान डिजिफेस्ट–2026 के टीज़र और हैकाथॉन का भी लोकार्पण किया, जिसके लिए बजट में 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया हैं उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे नवाचार के क्षेत्र में आगे आकर प्रदेश को ग्लोबल लीडर बनाएं

.............

000

राज्य सरकार की उपलब्धियों के प्रचार–प्रसार के लिए 200 विकास रथों को जिलों के लिए रवाना किया गयां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में ओटीएस से 50 विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना कियां इसके साथ ही, प्रदेश के जिला मुख्यालयों से जिला प्रभारी मंत्रियों ने भी 150 रथों को रवाना कियां ये प्रचार रथ प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में पहुँचेंगें इन रथों के माध्यम से सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों, फ्लैगशिप योजनाओं और नीतिगत सुधारों की जानकारी आम जन तक पहुँचाई जाएगीं इस पहल का उद्देश्य जनता को योजनाओं से अवगत कराकर उन्हें लाभान्वित होने के लिए प्रेरित करना हैं इस अवसर पर विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये और रथों का रवाना किया गयां

जिलों में भी प्रचार रथों को रवाना करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये गयें नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पाली में, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने भरतपुर में, जनजातीय मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने बांसवाडा में और गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने करौली में प्रचार रथों को रवाना कियां

000

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की निगरानी के लिए राजस्थान में विशेष सूची प्रेक्षक की नियुक्ति की हैं मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि रोहिणी भाजीभाकरे को यह ज़िम्मेदारी सौंपी गई हैं विशेष सूची प्रेक्षक यह सुनिश्चित करेंगी कि पुनरीक्षण प्रक्रिया पारदर्शी रहें वे फरवरी 2026 में अंतिम सूची प्रकाशित होने तक राज्य में रहेंगीं

आयोग ने राजस्थान सहित पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी विशेष प्रेक्षक नियुक्त किए हैं

000

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए 11 हजार 718 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी हैं मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में कराई जाएगीं यह देश की 16वीं और आजादी के बाद से 8वीं जनगणना होगीं इसके तहत जातिगत गणना भी कराई जाएगीं श्री वैष्णव ने कहा कि यह पहली डिजिटल जनगणना होगीं एंड्रॉइड और आई ओ एस दोनों मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा संग्रह किया जाएगां श्री वैष्णव ने कहा कि जनगणना कार्य में तीस लाख कर्मियों को लगाया जाएगां

................

जनगणना के लिए कर्मचारी हर घर तक पहुंचेंगें श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने कोयला संपर्क नीति – कोल सेतु में सुधार को मंजूरी दे दी हैं कैबिनेट ने 2026 सीज़न के लिए खोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी स्वीकृति दी हैं

000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पिछले दस वर्ष में देश में फसल उत्पादन में 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी दीं

श्री चौहान ने कहा कि मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और समग्र कृषि विकास को गति देने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं श्री चौहान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार किसानों को दो लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी दे रही है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी हैं

000

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिह शेखावत ने कहा है कि भारत क्रूज पर्यटन का नया केंद्र बन रहा हैं उन्होंने कहा कि होटलों और रेस्तरां में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है तथा प्रमुख वैश्विक होटल समूह देश में निवेश कर रहे हैं आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री शेखावत ने देश में बढ़ते पर्यटन में वंदे भारत रेलगाड़ी की भूमिका का उल्लेख कियां

000

विकास अध्ययन संस्थान जयपुर में 'विकसित राजस्थान और विकसित भारत /2047' विषय पर दो दिन का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आज शुरू हुआं संस्थान के शासी मंडल के अध्यक्ष डॉ. अरविंद मायाराम ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दियां आई.डी.एस. के कार्यवाहक निदेशक प्रो. संजय लोढ़ा ने प्रवासी भारतीय दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालां

यह सम्मेलन प्रवासी समुदायों से लाभ लेने में सामने आ रही नियामक उलझनों को दूर करने पर मंथन करेगां

000

राजस्थान राज्य ग्रामीण आजीविका विकास परिषद–राजीविका ने ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए 'मिशन समृद्ध दीदी' अभियान शुरू किया हैं एक महीने के इस विशेष अभियान का औपचारिक शुभारंभ केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव स्मृति शरण ने कियां इसका मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को समय पर बैंक ऋण उपलब्ध कराना, उनके उद्यमों को बढ़ावा देना और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल वित्तीय समावेशन को मज़बूत करना हैं

000

जालौर में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित दो दिन की मल्टीमीडिया प्रदर्शनी सम्पन्न हुईं समापन समारोह की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, अहसान अहमद ने कीं उन्होंने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के संदर्भ में, मुफ्त कानूनी सहायता और विधिक सेवाओं की जानकारी दीं इस दौरान योग, जैविक खेती, साइबर सुरक्षा और वित्तीय साक्षरता जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई प्रदर्शनी को देखने स्कूलों के विद्यार्थी और आमजन बड़ी संख्या में पहुंचें

000